राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल राहत कोष के लिए एस.बी.आई. ने निर्मित किया क्यूआर कोड

सीधे बैंक खाते में भेजी जा सकेगी सहयोग राशि

राज्यपाल श्री मिश्र ने किया क्यूआर कोड का लोकार्पण

जयपुर, 6 दिसम्बर। राज्यपाल राहत कोष के लिए अब क्यूआर कोड स्कैन कर सहयोग राशि सीधे बैंक खाते में जमा कराई जा सकेगी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने इस संबंध में मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल राहत कोष के लिए निर्मित क्यूआर कोड का लोकार्पण किया। यह क्यूआर कोड स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा निर्मित किया गया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने 'डिजिटल भारत' के तहत इस पहल को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल बनने के बाद उनकी प्राथमिकता यही रही है कि राहत कोष का दायरा बढ़ाया जाए और इससे अधिकाधिक रूप में जरूरतमंदों को हर संभव प्रभावी सहयोग किया जाए।

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के मुख्य प्रबंधक श्री धीरेन्द्र कुमार दास ने बताया कि राज्यपाल राहत कोष के क्यूआरकोड निर्मित होने से पूर्ण रूप से सुरक्षित रूप में लोग अब इसमें अपनी धनराशि जरूरतमंदों के सहयोग के लिए दान कर सकेंगे। यह राशि सीधे राज्यपाल राहत कोष के बैंक में स्थानांतरित हो जाएगी।

क्यूआर कोड लोकार्पण अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल, वित्त नियंत्रक श्रीमती संध्या शर्मा, निदेशक, जनजातीय कल्याण श्रीमती कविता सिंह भी उपस्थित रहीं।

————

राज्यपाल ने राजभवन परिसर का निरीक्षण किया

राज्यपाल सचिवालय का अवलोकन कर लम्बित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए

जयपुर, 6 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को राजभवन परिसर में राज्यपाल सचिवालय का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने विभिन्न अनुभागों में जाकर कार्य का बारीकी से अवलोकन किया और राज्यपाल सचिवालय को सुदृढ़ करते और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार ने राज्यपाल राहत कोष अनुभाग, अपील अनुभाग, उच्च शिक्षा, जनजाति प्रकोष्ठ, सुरक्षा कार्यालय संस्थापन एवं लेखा सहित अलग–अलग शाखाओं के निरीक्षण के दौरान उन्हें इनकी कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राजभवन अतिथि गृह का भी अवलोकन किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अधिकारियों एवं कार्मिकों को लम्बित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण, कम्प्यूटराइजेशन एवं अन्य प्रक्रियाधीन कार्यों के त्वरित निपटान के निर्देश दिए। उन्होंने कार्मिकों से आह्वान किया कि स्वच्छता को आदत बनाते हुए राजभवन परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएं रखने में योगदान दें।

————

राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर दी बधाई

जयपुर, 6 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस (7 दिसम्बर) के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल ने इस मौके पर सभी जवानों, पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों और समस्त देश–प्रदेश वासियों को बधाई दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि यह दिवस हमारे शूरवीरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते उनके कल्याण के लिए योगदान देने का अवसर है। उन्होंने सभी से सामर्थ्य अनुसार उदारतापूर्वक सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष में अंशदान देने की अपील की है।

————